तापमान

अधिकतम 25.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, सोमवार 30 जून 2025



14 करोड़ों का फिल्टर प्लांट होने के बाद भी गंदा पानी ..





14 कवियों ने कविता पाठ कर परिचर्चा में इसके महत्ता...






## खबर संक्षेप

### उत्कल समाज महिला विंग की शुभ्रा व युवा विंग के पवन अध्यक्ष मनोनीत



**जगदलपुर।** उत्कल समाज के अध्यक्ष राजेश दास के अनुशंसा पर पदाधिकारीयों की उपस्थिति में नई कार्यकारिणी व महिला और युवा विंग का गठन किया गया। जिसमें महिला विंग की अध्यक्ष शुभ्रा दास एवं सुश्री निरुपमा दास सचिव मनोनित हुई। युवा विंग से पवन मिश्रा अध्यक्ष व आशीष दास सचिव मनोनीत किए गए। वहीं समाज के कार्यों व आयोजनों के प्रचार प्रसार के लिए रविन्द्र दास को मीडिया प्रभारी नियुक्त किए गए।बैठक में अध्यक्ष सचिव के साथ उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद तिवारी, कोषाध्यक्ष मनोज महापात्र, संगठन सचिव रमेश नंद, सांस्कृतिक सचिव मनीष श्रीवास्तव व कार्यालयीन सचिव अच्युत सामंत एवं अन्य उपस्थित रहे। कार्यकारिणी सदस्यों में दीनबंधु रथ,असीम दास,रितेश पट्टजोशी, मनीष मिश्रा,अतुल दास,रितेश पाढ़ी,सुश्री सविता आचार्य, सरला रथ, प्रदीप महापात्र,राकेश रथ,अशोक दास व सिमाचल दास मनोनित किए गए।

### सांई झूलेलाल महोत्सव का आयोजन 16 जुलाई से



**जगदलपुर।** सिन्धी समाज के सांई झूलेलाल का चालीहा साहिब व्रत महोत्सव 16 जुलाई से आरम्भ होकर 24 अगस्त तक होगा। मनीष मूलचंदानी ने जानकारी दी इस दौरान, भक्त 40 दिनों का उपवास रखते हैं और भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना करते हैं।

### रोटरी डिस्ट्रिक गवर्नर का बस्तर प्रवास आज

**जगदलपुर।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक 3261 के प्रांतपाल



अखिल मिश्रा अपने आधिकारिक दौरे पर सोमवार को जगदलपुर पहुंचेंगे। इस अवसर पर क्लब द्वारा किए गए सेवा प्रोजेक्ट्स का निरीक्षण करेंगे। रोटरी सदस्यों से संवाद करेंगे और एक सार्वजनिक सभा में स्थानीय नागरिकों को रोटरी इंटरनेशनल तथा डिसट्रिक्ट 3261 की गतिविधियों,उद्देश्यों और सेवा संकल्पों से अवगत कराएँगे। अखिल मिश्रा जबलपुर निवासी हैं और उनके साथ डिसट्रिक्ट सेक्रेटरी जनरल सारंग भिड़े भी इस दौरे में सम्मिलित रहेंगे।

### साईं मंदिर का 15 वां वार्षिकोत्सव होगा आज

**जगदलपुर।** शिर्डी साई बाबा मंदिर, रेलवे कालोनी में सोमवार



को 15 वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। प्रातः आरती 6 बजे, श्री गणेश पूजा 8 बजे, पंचामृत के साथ महा अभिषेक 9 बजे, सुबह 10 बजे से 11.30 तक पूजा एवं अभिषेक दोपहर 12 बजे मध्यान आरती होगी। इसके बाद महाभंडारा का आयोजन भक्तों की ओर से किया गया है।

### बोड़ा 800 व टमाटर 25 रुपए किलो में बिका

**जगदलपुर।** साप्ताहिक बाजार में लोकल टमाटर की आवक नहीं



होने से बैंगलोर के टमाटर 20 रूपए किलो में बिक रहा है। बताया जा रहा है कि शहर में रोज एक दिन में लगभग 5 ट्रक टमाटर शहर में पहुंच रहा है। साथ ही खरीददार 800 रूपए शेष पेज 12 पर

# फूड फेस्टिवल में दिखी खानपान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत व ग्रामीण आजीविका की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अंतर्गत तीरथगढ़ जलप्रपात परिसर में आज पारंपरिक फूड फेस्टिवल का रंगारंग आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बस्तर की समृद्ध खानपान परंपरा, सांस्कृतिक विरासत और ग्रामीण आजीविका की झलक दिखी और इसको एक मंच पर प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम की शुरूआत बस्तर के परंपरागत धुरवा नृत्य से हुई, जिसने दर्शकों को लोकसंस्कृति की जीवंत झलक दी। इसके पश्चात सभी अतिथियों और पर्यटकों को बस्तर क्षेत्र के पारंपरिक व्यंजन दोना-पत्तल में परोसे गए। खाने में रागी की रोटी, आमट, कोलियारी भाजी, चरोटा भाजी, मंडिया पेज, कोदो का चावल तथा बस्तर में खाए जाने वाले अनेक प्रकार के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन शामिल रहे।

सभी व्यंजन स्थानीय लघु वनोपज एवं पारंपरिक विधियों से तैयार किए गए, जो न केवल स्वास्थ्यवर्धक हैं, बल्कि पारिस्थितिकी के अनुकूल भी हैं। इस सफल आयोजन के माध्यम से बस्तर की सांस्कृतिक और जैविक विविधता का उत्सव मनाया गया, जो आने वाले समय में ईको-पर्यटन और सामुदायिक विकास का प्रेरणास्त्रोत बन सकता है।

## पर्यटकों को खाने में दे रहे रागी की रोटी, मड़िया पेज, कोदो का चावल आदि

### व्यंजनों का लिया आनंद



कार्यक्रम का उद्देश्य पारंपरिक भोजन को बढ़ावा देना, वन आधारित सतत आजीविका को सशक्त करना और स्थानीय समुदायों को पर्यटन और संरक्षण गतिविधियों से जोड़ना था। तीरथगढ़ घूमने आए पर्यटकों ने भी आयोजन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया और स्थानीय व्यंजनों का आनंद लिया।



### ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने का कदम

इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच मंगलूराम, सीसीएफ श्रीमती स्टायलो मांडवी एवं कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक नवीन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रयास स्थानीय संस्कृति के संरक्षण और ग्रामीणों को रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक प्रभावी कदम है।

## रिकार्ड : कोक कटर का बेहतर प्रदर्शन, बर्बादी हुई कम

# एनएमडीसी स्टील प्लांट ने एक दिन में बनाया 11 हजार टन से ज्यादा लोहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट में 2023 के अगस्त से हॉट मेटल का प्रोडक्शन शुरू हुआ है। बीते 22 जून को 11 हजार टन से ज्यादा लोहा बनाया।

एनएमडीसी स्टील प्लांट कार्यकारी निदेशक एमएनवीएस प्रभाकर ने बताया कि कोक कटर के बेहतर प्रदर्शन के बाद, प्लांट ने 79 प्रतिशत का बेस्ट ब्लास्ट फर्नेस (बीएफ) कोक यील्ड भी हासिल किया। इसका मतलब है कि लोहा बनाने में उपयोग होने वाले कोक की बर्बादी कम हुई। उन्होंने बताया कि प्लांट ने 22 जून 2025 सी-शिफ्ट में सबसे ज़्यादा 3,759 टन हॉट मेटल का उत्पादन किया। इससे पहले यह रिकॉर्ड 14 अप्रैल, 2025 को 3,729 टन था। उस दिन कोयला को साइलो तक पहुंचाने का काम 10,000 टन से ज़्यादा हो गया। सिंटर को ब्लास्ट फर्नेस में भेजने का काम भी 18,203 टन के नए स्तर पर पहुंच गया। सिंटर लोहे को गलाने से पहले तैयार किया जाने वाला एक मटेरियल है।



### आयरन ओर लम्प ट्रांसफर में भी रिकार्ड

एनएसएल प्रोजेक्ट के प्रमुख ने बताया कि आयरन ओर लम्प आइओएल का ट्रांसफर 5,910 टन तक पहुंच गया। यह भी एक रिकॉर्ड है। एनएसएल की टॉप रिकवरी टर्बाइन टीआरती ने 16.4 मेगावाट एमडब्लू की क्षमता हासिल की। टीआरती एक तरह का पावर प्लांट है जो ऊर्जा को वापस लेता है। इससे कंपनी को हर महीने 60 लाख रुपए से ज़्यादा की बिजली की बचत हो सकती है।

### जल्दी ही मुनाफे में आएगा प्लांट

प्रभाकर का कहना है कि नगरनार स्टील प्लांट जैसे नए प्लांट के लिए, यह रिकॉर्ड उनके सहयोगियों के टीम वर्क नतीजा है। अगर सभी विभागों के तालमेल कर काम नहीं किया होता तो आज हम इस रेकॉर्ड को बनाने में सक्षम नहीं हो पाते। सभी के साथ मिल कर वह एक वर्ल्ड-क्लास स्टील प्रोड्यूसर बनने की ओर बढ़ रहे हैं। उनका दावा है कि कुछ ही महीने में कंपनी ऑपरेटिंग प्रोफिट में आ जाएगी और इस साल के अंत तक इसे नेट प्रोफिट भी होगा।

### बाय-प्रोडक्ट प्लांट से भी आमदनी

ऑक्सीजन के मामले में भी प्लांट ने अच्छा प्रदर्शन किया। ऑक्सीजन बनाने वाली यूनिट ने 34,000 नॉर्मल क्यूबिक मीटर प्रति घंटा की सप्लाई की। यह कॉन्ट्रैक्ट में तय मात्रा से ज़्यादा है। इससे प्लांट में लगातार काम करने में मदद मिली। स्टील मेल्टिंग शॉप एसएमएस में 52 बार पिघला हुआ स्टील निकाला गया। इससे 9,400 टन लिक्विड स्टील पिघला हुआ स्टील का उत्पादन हुआ। इसके अलावा, बाय-प्रोडक्ट प्लांट बीपीपी के सल्फर यूनिट ने इस वित्तीय वर्ष का सबसे ज़्यादा 1,000 किलोग्राम सल्फर का उत्पादन किया। दरअसल, बाय-प्रोडक्ट प्लांट कोकिंग कोयला को कोक बनाने के दौरान निकले धुंऐ से अलकतरा, नेप्थालीन और सल्फर निकालता है। इसे ही निकालने का काम बाय-प्रोडक्ट प्लांट करता है।

# अस्पताल में भर्ती सरपंच पति ने चाय की गुमटी में फांसी लगाकर दी जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कोतवाली थाना के करीब व वन विभाग के दफ्तर के सामने चाय की

- मृतक के भाई नव आरक्षक ने बताया मृतक की मानसिक स्थिति नहीं थी ठीक

गुमटी में सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। उसकी शिनाख्त कावापाल पंचायत के सरपंच पति के रूप में की गई। मृतक के भाई नव आरक्षक ने बताया कि उसकी कुछ दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। जिसके बाद उसे डिमरापाल मेडिकल कॉलेज में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। दरअसल सुबह मार्निंग वॉक पर निकले लोगों ने कोतवाली थाना के करीब चाय की गुमटी में एक युवक को फांसी के फंदे पर लटका देखकर इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतक के हाथों में पट्टी लगी हुई थी जिससे इस बात का कयास लगाया जा रहा था कि वह अस्पताल में भर्ती था। इसी बीच मृतक के चचेरे भाई फगनूराम बघेल ने उसकी शिनाख्त कावापाल पंचायत के महिला सरपंच के पति कमलोचन बघेल 40 वर्ष के रूप में की। माना पीटीएस में प्रशिक्षण ले रहे मृतक के भाई नव आरक्षक लक्ष्मीनाथ बघेल ने कोतवाली पुलिस को बताया कि उसके भाई कमलोचन बघेल कुछ दिनों से बीमार थे। दो दिन पूर्व ही उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में भर्ती कराया गया था। सुबह वह शेष पेज 12 पर

### पुलिस ने शुरू की विवेचना

बहरहाल कोतवाली पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है। टीआई परपा भोलासिंह राजपूत ने बताया कि पंचनामा व पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की विवेचना की जा रही है।

# जंगल बचाने के लिए कार्रवाई जरूरी लोगों को अपराधी बनाना अनुचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर नाकेदार से लेकर डीएफओ तक वन

- सालों से खेती कर रहे लोगों पर कार्रवाई गलत : लखेश्वर

भूमि में अतिक्रमण करने वालों पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर रहे हैं। जंगल बचाने के लिए कार्यवाही जरूरी है लेकिन ऐसे लोग भी चपेट में आ रहे हैं जो सालों से उसी जमीन पर खेती कर रहे हैं। बस्तर संवेदनशील क्षेत्र है इसलिए यहां ग्रामीणों के साथ अफसरों को संवेदनशील होकर काम करना चाहिए। विधायक लखेश्वर बघेल ने हरिभूमि से चर्चा में यह बातें कही । उन्होंने कहा कि 17 दिसंबर 2005 के पहले तक जो भी आदिवासी जमीन पर खेती कर रहा था उसे वन अधिकार पट्टा दिया जाना था। वहीं गैर आदिवासियों को 3 पीढ़ी का उस क्षेत्र के होने का दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करना था। भारत सरकार की इस योजना का राज्य के पूर्व सरकारें डॉ. रमन सिंह और भूपेश बघेल सरकार ने भी पालन किया। विधायक ने कहा कि बस्तर में जंगल का क्षेत्रफल कम होता जा रहा है इसलिए जो भी कब्जा कर रहे हैं उनपर शेष पेज 12 पर

### ट्राइबल विभाग की उपेक्षा से लोग परेशान



विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि यह काम ट्राइबल विभाग के अंतर्गत था । राजस्व विभाग सहयोगी की भूमिका में रहा । पट्टा बनाते समय आदिम जाति कल्याण विभाग की लापरवाही इसके लिए जिम्मेदार हैं। ग्रामीणों का ट्रैक्टर जब्त कर उन्हें आरोपी बनाकर जेल भेजा जा रहा है। गलत सही का जांच पड़ताल किए बिना वन अधिकारी धड़ल्ले से गांव गांव पहुंचकर कार्रवाई कर रहे हैं।



### सैकड़ों भक्त यज्ञ में डाल रहे आहूति

**जगदलपुर।** शहर के मोतीतालाब पारा स्थित मां छिंदवाली महाकाली मंदिर में चल रहे सात दिवसीय रूद्र चंडी महायज्ञ के दौरान रोज सैकड़ों भक्त यज्ञ में आहूतियां डाल रहे हैं। इस अनुष्ठान को संपन्न कराने के लिए विशेष तौर पर असम से 11 वैदिक पंडित कर रहे हैं। महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को मंदिर में भक्तों की खासी भीड़ रही। यहां प्रमुख यजमानों के लिए अलग से चार कुंड बनाए गए हैं। यहां प्रतिदिन पूर्वाह्न 11.36 से रात 8 तक विभिन्न देवी अनुष्ठान संपन्न हो रहे हैं। मंदिर शेष पेज 12 पर

# पोटानार हाईस्कूल में समस्याओं का अंबार, जिपं सदस्य ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

तोकापाल विकासखण्ड के पोटानार हाईस्कूल में व्याप्त समस्याओं का जिला पंचायत सदस्य व

- विधायक गोयल ने दिया जल्द निराकरण के निर्देश
- जिपं सामान्य सभा में भी प्रमुखता से बात रखी जाएगी

जनप्रतिनिधियों द्वारा निरीक्षण कर इसकी जानकारी क्षेत्रीय विधायक विनायक गोयल को दी गई। वहीं मामले को जिला सदस्य सुश्री पदमनी कश्यप ने सामान्य सभा में प्रमुखता से रखने की बात कही। जानकारी के मुताबिक शाला प्रवेशोत्सव के दौरान जनप्रतिनिधियों को इस बात की जानकारी स्कूल प्रशासन द्वारा दी गई की तोकापाल ब्लॉक के पोटानार हाईस्कूल में भवन की अतिआवश्यकता है। वर्तमान में 4 सौ से अधिक की दर्ज संख्या है और इस वर्ष में यह संख्या बढ़कर 7 सौ के लगभग होने की संभावना है। स्कूल के प्राचार्य ने जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य सुश्री पदमनी कश्यप ने इसे गंभीरता से लेते हुए तथा स्कूल की समस्या को देखने के लिए पोटानार स्कूल पहुंच कर निरीक्षण किया। भवन की कमी व अन्य गंभीर समस्याओं को देख कर जिला पंचायत के सामान्य सभा में प्रमुखता के शेष पेज 12 पर



## लोहण्डीगुड़ा विकासखंड में मना शाला प्रवेश उत्सव

# प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा पहुंचाना हमारा संकल्प है : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोहण्डीगुड़ा विकासखंड में शनिवार को शाला प्रवेश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद महेश कश्यप एवं विशिष्ट अतिथि चित्रकोट विधायक विनायक गोयल उपस्थित रहे।

- नवीन हाईस्कूल भवन का किया लोकार्पण

कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी बच्चों का तिलक व पुष्पवर्षा कर अभिनंदन किया गया। उन्हें सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र, पाठ्यपुस्तकें व शैक्षिक सामग्री वितरित की गई। बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करने हेतु सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। तत्पश्चात एक पेड़ माँ के नाम के तहत पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर ककनार ग्राम में 80 लाख की लागत से निर्मित नवीन हाईस्कूल भवन का लोकार्पण किया गया। इस भवन के निर्माण से आसपास के ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध होगी।

सांसद ने कहा शिक्षा ही समृद्ध समाज की नींव होती है। बेहतर स्कूल भवन और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देना हमारी प्राथमिकता है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार काम कर रही है और प्रत्येक बच्चे तक इसका लाभ पहुंचाना हमारा संकल्प है। इस मौके पर जनपद उपाध्यक्ष बसंत कश्यप, जिला पंचायत सदस्य चंद्रभान कश्यप, जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, शिक्षकगण, जनप्रतिनिधि, अभिभावक, ग्रामीणजन एवं बच्चे उपस्थित रहे। सभी ने एक साथ मिलकर शिक्षा पर्व को एक उत्सव के रूप में मनाया और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।





### बच्चों का उज्ज्वल भविष्य विकास का आधार

विधायक ने कहा कि बच्चों का उज्ज्वल भविष्य हमारे विकास का आधार है। आज का शाला प्रवेश उत्सव न केवल बच्चों के लिए उत्सव है,बल्कि पूरे समाज के लिए नई शुरुआत का प्रतीक है। हम मिलकर शिक्षा को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए कटिबद्ध हैं।

# 6500 वाहनों पर लगाई गई हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाने के लिए परिवहन विभाग की ओर से संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में काउंटर लगाया गया है। अब ब्लॉक मुख्यालयों में समय-समय पर भी इसके लिए एचएसआरपी का शिविर लगाए जा रहे हैं। हॉलांकि बस्तर जिले में डेढ़ लाख वाहनों पर एचएसआरपी लगेंगे, इसमें से अब तक लगभग 6500 वाहनों में यह प्लेट लगाया गया है। वहीं दूसरी ओर एचएसआरपी के लिए विभिन्न सड़कों में आरटीओ के नेतृत्व की टीम वाहनों की जांच कर रहे हैं, जिससे जिले के डेढ़ लाख वाहनों पर यह प्लेट लग सके। साथ ही एचएसआरपी के लिए शहर सहित ग्रामीणों में जागरूक किया जा रहा है।



- जिले के ब्लॉक मुख्यालयों में किया जा रहा एचएसआरपी का शिविर

### वाहनों की जांच जारी

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि जिले में वाहनों में हाई सिक्यूरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट लगाया जा रहा है। साथ ही वाहनों की जांच भी की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### ग्रामीण को ट्रैक्टर ने लिया चपेट में, अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**फरसगांव।** ब्लॉक के बड़ेडोंगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोटपाड़ में शुक्रवार की सुबह एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। मिली जानकारी अनुसार ग्राम कोटपाड़ निवासी 65 वर्षीय अंशुराम माली अपने खेत से वापस आ रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में अंशु राम माली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को परिजनों ने तत्काल निजी वाहन से जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। इस घटना की सूचना परिजनों द्वारा सिटी कोतवाली पुलिस को दी गई। जिसके आधार पर पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए शव को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सुपुर्द कर शून्य में मर्ग कायम किया है।

### सोमवार से वर्षा गतिविधियों में आएगी तीव्रता

**धमतरी।** कल से पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण और तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है। मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम बंगाल और इससे सटे बंगाल के गंगा मैदान पर ऊपरी हवा का चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। चक्रवाती परिसंचरण समुद्रतल से 7.6 किमी की ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है। इसके प्रभाव से 48 घंटों के दौरान बंगाल की खाड़ी एवं पश्चिम बंगाल के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना है। पूर्व-पश्चिम द्रोणिका दक्षिण-पश्चिम बंगलादेश, पश्चिम बंगाल के गंगीय क्षेत्र पर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण से झारखंड, उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर-पूर्व मप्र तक समुद्र तल से 3.1 से 4.5 किमी ऊपर मौजूद है। इसके प्रभाव से रविवार को प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की मध्यम वर्षा हो सकती है। सोमवार से पूरे प्रदेश में वर्षा वितरण तथा तीव्रता में वृद्धि होने की संभावना है।

### बिरझुली में शाला प्रवेश उत्सव 30 को

**मगरलोड।** ग्राम बिरझुली में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन 30 जून सोमवार को दोपहर 1 बजे रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टीका राम कंवर कृषि सभापति जिला पंचायत धमतरी होंगे। अध्यक्षता वीरेन्द्र साहू अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि अजय ध्रुव वन सभापति जिला पंचायत धमतरी, खिलेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड, कृष्ण कुमार ध्रुव सहकारिता सभापति जनपद पंचायत मगरलोड, पुष्पलता रामायण सिन्हा सरपंच बिरझुली, विशिष्ट अतिथि नरेश सिन्हा भाजपा जिला उपाध्यक्ष, रोहित मोहन साहू मंडल अध्यक्ष, विजय यदु पूर्व मंडल अध्यक्ष, शत्रुघ्न साहू पूर्व मंडल अध्यक्ष, शुभम यदु जनपद सदस्य, यादेश्वरी साहू पूर्व सरपंच सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहेंगे। शाला प्रवेश उत्सव में विशेष आकर्षण देवान मादरी नर्तक दल केकराखोली की प्रस्तुति होगी।

### मारपीट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चाकू जब्त

**कांकेर।** शहर के शीतला मंदिर के पास युवक के साथ दो युवको ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया था। मारपीट की शिकायत घायल युवक ने कांकेर थाना में किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। कांकेर थाना में शिकायत करने पहुंचे सिंगारभाट निवासी 27 वर्षीय विवेक भास्कर पिता स्व. सुकलू राम भास्कर ने पुलिस को बताया कि 23 जून को शाम 6 बजे अपने कार्य स्थल से अन्नापूर्णापारा होते हुए अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान अन्नपूर्णापारा शितला मंदिर के पास अपने दोस्त दिपेश खटवानी के आवाज देने पर उससे मिलने रूक गया। उसी दौरान शेख शोयब नामक व्यक्ति नशे की हालत में मेरे पास आकर लिफ्ट मांगने लगा। लिफ्ट नहीं देने पर पैसा मांगने लगा। पैसा नहीं देने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दिया और हाथ मुक्का से गारपीट किया। शिकायत पर पुलिस ने अपराध क्रमांक 181/2025 धारा 296, 115 (2), 51(2),बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया।

# ग्रामीणों को कृमिनाशक, मिनरल मिक्सर तथा मल्टीविटामिन आदि दवाओं का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

- सेनानी 53वीं वाहिनी ने कस्तूरेटा में चलाया सिविक एक्शन कार्यक्रम
- वेटनरी शिविर में पशुओं की जांच की गई

सेनानी 53वीं वाहिनी ने 28 जून को अग्रिम सीओबी कस्तूरेटा में स्थानीय लोगों में जागरुकता एवं चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत वेटनरी शिविर लगाया। कार्यक्रम में वाहिनी की तरफ से स्थानीय लोगों के पालतू जानवरों और पक्षियों को चिकित्सा सुविधा प्रदान कर उपचार किया गया। उपचार के दौरान केटले-21,



बकरी- 9, मुर्गी-66 एवं 3 कुल 99 जानवरों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों का उपचार प्रदान किया गया। उपचार करने के साथ साथ स्थानीय लोगों को विभिन्न प्रकार की बीमारियों की दवाइयां जैसे कृमिनाशक, मिनरल मिक्सर तथा मल्टीविटामिन आदि दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम संजय कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में 53वीं वाहिनी के सेनानी, द्वितीय कमान बैट केडी शर्मा, डॉ. सुप्रदीप रेडडी एवं सहायक सेनानी जीडी ताशी सामन्ला मौजूद रहे। सेनानी 53वीं वाहिनी संजय कुमार ने ग्रामीण को आश्वासन दिया कि समय-समय पर ऐसे चिकित्सा शिविरों का आयोजन करते रहेंगे। ताकि आप लोगो के पशुओं की बिमारियों का उपचार हो सके।

### प्रभु जगन्नाथ के दर्शन करने जनकपुरी में लगा श्रद्धालुओं का तांता

# अमनिया भोग लेने दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं की लगी कतार

**तितिरगांव क्षेत्र के पल्ली, पराली व चकवा के भक्तों ने दूसरे अमनिया भोग का किया अर्पण**





हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर गोंचा पर्व में सिरहासार स्थित जनकपुरी गुंडिचा मंदिर में श्री जगन्नाथ स्वामी के पुण्य दर्शन के लिए तीसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आना लगा रहा। जनकपुरी में विराजे भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी को दूसरे दिन रविवार को तितिरगांव क्षेत्र के पल्ली, पराली व चकवा के भक्तों ने दूसरे अमनिया भोग का अर्पण किया। जगन्नाथ के भात के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही।

दूसरे अमनिया भोग का अर्पण तितिरगांव क्षेत्र के कुम्हरावण्ड, महुपाल, भाटागुड़ा, बुरूनपाल, कोंडावाल, कालीपुर, पल्ली, कुड़कानार, पल्ली चकवा व पलारी के भक्तों ने किया। जगन्नाथ के भात के लिए बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतार लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में श्री जगन्नाथ स्वामी को 4 जुलाई तक प्रतिदिन अमनिया भोग का अर्पण एवं सत्यनारायण कथा का श्रृवण किया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज द्वारा श्री जगन्नाथ स्वामी, माता सुभद्रा व बलभद्र स्वामी के समक्ष गुंडिचा मंदिर सिरहासार भवन में सत्यनारायण कथा





वाचन का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान के दर्शन करने जनकपुरी पहुंचे। वहीं सिरहासार भवन स्थित गुंडिचा मंदिर में प्रतिदिन की तरह पूजा अर्चना के बाद संध्या को महाआरती के उपरांत बस्तर गोंचा मंच में भजन कीर्तन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को अंखण्ड रामायाण पाठ का आयोजन किया जाएगा।

## पीजी कॉलेज में प्रवेश की पहली सूची टंगी हार्ड कापी जमा करने छात्रों की भीड़ उमड़ी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के कॉलेज बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में प्रथम सेमेस्टर के लिए प्रवेश सूची सूचना पटल पर चस्पा कर दी गई है। यह सूची मेरिट के आधार पर विवि से आई है। जिसके आधार पर कॉलेज में स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं की प्रथम सेमेस्टर के लिए एडमिशन लिया जाना है। लिस्ट टंगते ही छात्र-छात्राएं एडमिशन के लिए कॉलेज आना प्रारंभ कर दिए हैं। छात्र पूरी प्रक्रिया अपनाने के बाद फीस जमा करा रहे हैं।

पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार पाठक ने बताया कि 25 जून तक एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन मंगाया गया। 26 जून को प्रथम मेरिट सूची का प्रकाशन किया गया है। छात्र-छात्राएं 26 जून से 9 जुलाई तक विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश ले सकते हैं। हार्ड कापी जमा करने तीन अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज का एडमिशन तीन चरणों में होगा। पहला चरण 26 जून से जुलाई तक रहेगी। दूसरे चरण में 9 जुलाई से 14 जुलाई तक तथा तीसरे चरण में 15 से 25 जुलाई तक एडमिशन ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रथम सेमेस्टर में सीटों की संख्या 1370 है, जिसमें बीए 1 में 330, बीएससी गणित में 150, बीएससी जीव विज्ञान में 300, बीएससी आईटी 80, बीएससी गृह विज्ञान 40, बीकॉम में 250, बीकॉम आईटी में 60, बीसीए में 40, डीसीए में 40 सीटें हैं। एडमिशन के लिए काउंटर में हार्डकापी के साथ शुल्क, 10वीं, 12वीं की अंकसूची, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय, निवास प्रमाण पत्र, निःशक्तता प्रमाण पत्र (विकलांग के लिए), माइग्रेशन प्रमाण पत्र (दूसरे राज्य के लिए), आधार कार्ड, बैंक कार्ड पासबुक, एबीसीआई की मूलप्रति व पासपोर्ट साइज 2 फोटो आदि की आवश्यकता होगी। सूचना पटल पर चस्पा सूची के अनुसार पहली सूची के कट आफ 70 प्रतिशत है। सबसे ज्यादा कट आफ बीसीए में है। ओबीसी वर्ग में 80.40 प्रतिशत, बीएससी बायो में सामान्य कटआफ 75.46 प्रतिशत है। बीएससीआईटी में 78.20, बीए में 72.20 प्रतिशत है।

पीजीडीसीए में जनरल 58.54 प्रतिशत, बीएससी गणित में जनरल में 70.40 प्रतिशत है। मेरिट सूची के साथ-साथ वेटिंग लिस्ट भी जारी किया गया है।

## पेज 11 के शेष ...

### अस्पताल में भर्ती सरपंच पति ने चाय...

अस्पताल से कोतवाली थाना की ओर आया और चाय की गुमटी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि मौके पर किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है लेकिन कयास लगाया जा रहा है कि मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने से उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी है।

### जंगल बचाने के लिए कार्रवाई जरूरी ...

कार्रवाई जायज है लेकिन ऐसे लोग भी काफी है जो 20 -30 साल से खेती कर रहे हैं। जब पट्टा बंट रहा था उस समय सबको मालूम था कि कौन गांव का मूल निवासी है। लंबे समय से खेती किसानी कर रहा है लेकिन उस समय अधिकारियों और कर्मचारियों ने लापरवाही बरती जिसका खामियाजा लंबे समय से खेती कर रहे ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा हैं । इसमें उनकी भी गलती हैं क्योंकि पट्टा बनते समय उन्हें कागजी काम में नाम जुड़वा लेना था।

### सैकड़ों भक्त यज्ञ में डाल ...

में मंडल पूजन, सामूहिक रूद्राभिषेक, चंडी पाठ एवं नियमित हवन किया जा रहा है। यह अनुष्ठान 3 जुलाई तक चलेगा और आमंत्रित पंडित प्रतिदिन लगभग 8 घंटे वेदों की ऋचाओं का पाठ कर रहे हैं। संपूर्ण अनुष्ठान यज्ञ वैदिक आचार्य पं. हेमंत शर्मा और असम से आमंत्रित 11 पंडित दयाराम कटेल, अनुप शर्मा, गोविन्द घिमिरे, हरि घिमिरे, घनश्याम घिमिरे, हरेकृष्ण शर्मा, लखन दास, जय प्रकाश, हिरथ शर्मा, प्रियवर शर्मा द्वारा विधि विधान से किया जा रहा है।

### पोटानार हाईस्कूल में समस्याओं का ...

साथ बात रखने के लिए आस्वस्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूल की स्थिति बहुत चिंताजनक है। वहीं भवन की कमी के चलते बच्चों को पढाई करने के लिए बैठक व्यवस्था नहीं हो पा रहा है। वर्तमान में कला संकाय, विज्ञान संकाय, गणित संकाय, कृषि संकाय तथा वाणिज्यिक संकाय में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या अधिक है लेकिन जगह की भारी कमी हैं। इस प्रमुख समस्या के चलते बच्चों के साथ ही शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पुराने स्कूल भवन के जीर्णोद्धार करने की तत्काल अतिआवश्यकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी चित्रकोट विधायक विनायक गोयल को भी दी गई जिस पर विधायक ने स्कूल की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए निराकरण के निर्देश देते हुए बताया कि सभी समस्याओं का जल्द दूर किया जाएगा। **ये रहे मौजूद:** समस्या को प्रमुखता से रखने के दौरान छापरभानपुरी के पूर्व सरपंच मुन्ना कश्यप, सुभाष कश्यप, पूर्व सरपंच व युवा मोर्चा अध्यक्ष जीवनाथ मौर्य, महामंत्री सुभाष कश्यप पोटानार सरपंच संतोष मोर्य, थैलेस पानीग्राही आदि मौजूद थे।

### बोड़ा 800 व टमाटर 25 रुपए ...

किलो में बोड़ा ले रहे हैं। बाजार में करेला 80, फूलगोभी 100, पत्तागोभी 20, भिंडी 60, आलू 25, प्याज 25, अदरक 180, लहसून 250, लालभाजी, पालकभाजी, मैथी 20 रूपए में 12 जूड़ी बिक रहा है।

## महापौर के प्रयास से शहर को मिला एक और वैकल्पिक बायपास मार्ग, मिलेगी जाम से मुक्ति

- 30 फीट चौड़े अतिक्रमण हटाकर मार्ग की साफ-सफाई की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगर निगम के महापौर रामू रोहरा के प्रयास से धमतरी का चरणबद्ध तरीके से विकास हो रहा है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है। विकास कार्यों के लिए राजधानी से पैसा सीधे धमतरी आ रहा है। महापौर स्वयं कहते हैं कि जनता के कहने मात्र से ही काम होगा। जनता जो चाहेगी वही होगा। धमतरी का ऐतिहासिक विकास होगा।

इसी कड़ी में धमतरी शहर के लिए एक और वैकल्पित बायपास मार्ग का निर्माण किया जा रहा है। ताकि शहरवासियों को जाम से मुक्ति मिल सके। नेशनल हाईवे मार्ग महावर धर्मशाला के सामने आईडीबीआई बैंक के बाजू गली को लालबगीचा तूफान चौक तक वैकल्पित बायपास मार्ग के लिए विकसित किया जा रहा है। मार्ग में साफ सफाई कराने और अतिक्रमण हटाने के लिए महापौर रामू रोहरा, उपायुक्त पीसी सार्वा निगम टीम के साथ स्वंय स्पॉट पर पहुंचे थे। 30 फीट चौड़ी और 200 मीटर लंबे इस रास्ते का महापौर और उपायुक्त ने निरीक्षण किया। साफ सफाई करवाया गया। अतिक्रमण हटाया गया। रोड की मरम्मत तत्काल की गई ताकि सायकल सवार, दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहन सहित पैदल यात्री इस मार्ग का उपयोग ट्रेफिक से बचने के लिए कर सके। महापौर ने बताया कि शहर की यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए शहर के अंदर छोटी-छोटी वैकल्पित बायपास मार्ग बनाया जाएगा ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। यात्री सिहावा चौक तूफान चौक लालबगीचा तक सीधे शार्टकट रास्ते से आवागमन कर सकते हैं। इस रास्ते के खुलने से 4 वार्ड के लोगों को फायदा होगा। वे सीधे सिहावा चौक निकल सकते हैं। निरीक्षण के दौरान एमआईसी सदस्य, पार्षद नरेन्द्र रोहरा, पूर्व पार्षद धर्मेन्द्र साहू, महेन्द्र खंडेलवाल, लक्ष्मण साहू, निगम टीम प्रमुख सुनील सालुंके व अन्य टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि वैकल्पित बायपास मार्ग के लिए कार्रवाई शुरू कर दिया गया। बुलडोजर की सहायता से अतिक्रमण हटाया गया।

# स्कूल में शिक्षकों की कमी को देखते हुए पालकों में आक्रोश

**3 घंटे बाद तहसीलदार, नायब तहसीलदार और शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बाद ताला खोला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी हैं जहां पर नया शिक्षा सत्र 16 जून से प्रारंभ होते ही शिक्षा विभाग की अव्यवस्था की पोल खुलने लगी है। अभी मामला शासकीय सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम प्रायोगिक प्राथमिक शाला नगरी का सामने आया है। शिक्षकों की कमी के चलते अध्ययन कर रहे बच्चों के पालकों ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से मुलाकात के दौरान, शनिवार सुबह बच्चों को स्कूल न भेजने और स्कूल में तालाबंदी करने की बात कही थी।

शासकीय प्रायोगिक प्राथमिक अंग्रेजी माध्यम स्कूल नगरी में छात्र-छात्राओं का दर्ज संख्या 125 है और इस समय और भी संख्या बढ़ने की संभावना है। पिछले सत्र में अभी तक व्यवस्था के तहत 4 शिक्षक इसी स्कूल में थे जिसमें से दो शिक्षकों को







दो शिक्षक रह गये गये हैं। शिक्षकों की कमी के कारण शाला में अध्ययन अध्यापन एवं अन्य व्यवस्थाएं पूरी तरह से चरमरा जाएगी। इस विषय पर पालकों ने नगरी ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि अत्यधिक दर्ज संख्या को देखते हुए कार्य मुक्त किए गए शिक्षकों को वापस इसी स्कूल में पालक गण तत्काल उग्र आंदोलन के साथ-साथ स्कूल में तालाबंदी करने का निर्णय लेंगे। साथ ही स्कूल में कम से कम पांच टीचर होने चाहिए वहां पहले ही चार शिक्षकों के भरोसे स्कूल चल रहा था। अब इस सत्र में दो शिक्षकों को यहां से हटाकर दूसरे स्कूलों में भेज दिया गया। जिसके चलते बच्चों को सही शिक्षा नहीं पांच शिक्षक की नियुक्ति परमानेंट होनी चाहिए। उनकी मांगे पूर्ण नहीं हुई तो वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजेंगे और स्कूल में ताला लगाकर उग्र आंदोलन करेंगे। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामलाल बोदेले, ऋषिकांत ठाकुर, प्रकाश रोहित कुमार विनय सोम संतोष प्रधान सुनीता प्रिया मरकाम, साहू, सेमंत पटेल, गोपी कृष्ण लाहौरिया अन्य पालकों ने बताया कि पूर्व में 125 बच्चों को 4 शिक्षक पढ़ा रहे थे। युक्ति युक्तकारण के तहत दो शिक्षकों को मूल शाला में भेज दिया गया। अब 125 बच्चे 2 शिक्षकों के भरोसे अध्ययन कर रहे हैं। पालकों में इस बात को लेकर आक्रोश है। शनिवार को 9 बजे पालकों के द्वारा के बाहर शिक्षक गण बैठे रहे। उसके 3 घंटे के बाद तहसीलदार कुसुम प्रधान एवं नायब तहसीलदार उच्च अधिकारी देवेंद्र सूर्यवंशी बीआरसी प्रकाश साहू पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को आश्वासन देकर ताला खुलवाया और कहा कि कुछ दिनों के बाद शिक्षक की व्यवस्था कर दी जाएगी। विकास खण्ड शिक्षा कमी है। नगरी विकासखंड में 338 प्राथमिक शाला और 125 माध्यमिक शालाएं संचालित है। इन शालाओं में वर्तमान स्थिति यह है की प्राथमिक शाला में 56 और माध्यमिक शाला में 50 शिक्षकों की कमी है।

जिसे शासन स्तर पर जल्द पूरा कराने की कोशिश की जायेगी।

**खबर संक्षेप**

## जेम पोर्टल संबंधी प्रक्रियाओं की मिली जानकारी



**जगदलपुर।** शासन के विभिन्न विभागों के लिए आवश्यक वस्तुओं एवं सेवाओं की शासकीय खरीदी जेम गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस पोर्टल से किए जाने के संबंध में एक दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा हॉल में आयोजित किया गया। जेम पोर्टल की प्रक्रियाओं से संबंधित क्रेता विभागों एवं विक्रेताओं को अवगत कराने हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम में जेम रिसोर्स पर्सन राकेश तिवारी द्वारा जेम पोर्टल पर क्रेता-विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी, प्रोफाईल की पूर्णता की जानकारी, क्रेता-विक्रेता मूल्यांकन छूट की जानकारी, ऑनबोर्डिंग सेवा प्रदाता की जानकारी, प्रेजेन्टेशन के माध्यम से प्रदान की गई व क्रेता एवं विक्रेता पक्ष को पोर्टल में आ रही समस्याओं का भी निराकरण किए जाने संबंधी उपायों की भी जानकारी प्रशिक्षण में दी गयी। कार्यशाला में कोण्डागांव, नारायणपुर, बीजापुर एवं कांकेर के महाप्रबंधक उद्योग और संभाग के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं उद्यमी उपस्थित थे। संभाग स्तरीय कार्यशाला में क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र जगदलपुर के मुख्य महाप्रबंधक अजित सुंदर बिलुंग द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## शिक्षक साझा मंच 1 जुलाई से करेगा सामूहिक हड़ताल

**चारामा।** स्कूलों एवं शिक्षकों के अनैतिक युक्तियुक्तकरण के खिलाफ शिक्षक साझा मंच इकाई चारामा ने कर्मचारी अधिकारी भवन कोरर चौक में बैठक कर 1 जुलाई को एक दिवसीय सामूहिक धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। धरना प्रदर्शन के चार प्रमुख मुद्दों पर स्कूल शिक्षा विभाग और सरकार का ध्यान केंद्रित करेंगे, जिसमें युक्ति युक्तकरण विसंगति को समाप्त कर सेटअप 2008 को लागू करे, सोना साहू प्रकरण पर सभी शिक्षक एलबी संवर्ग के लिए क्रमोन्नत वेतनमान का जनरल ऑर्डर किया जाए, पुरानी सेवा काल की गणना करते हुए पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाए। प्राचार्य पदोन्नति पर बीएड/डीएड की प्राथमिकता समाप्त किया जाए, वरिष्टता क्रम में भी गड़बड़ी किया गया।

# 231 बटालियन सीआरपीएफ ने जीता ग्रामीणों का दिल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम**

**ग्रामीणों को रेडियो सेट का किया वितरण व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन**





सुनील भवर कमाण्डेंट 231 बटालियन के निर्देशन में गांव बुद्धिपारा, स्कूलपारा पुलिस थाना जगरगुंडा, फुंडरी, बोदली पुलिस थाना नेलासनार में सिविक एक्शन प्रोग्राम आयोजित किया गया। जिसमें विकास कुमार सहायक कमाण्डेंट बी/231 बटालियन, धर्मेंद्र कुमार सहायक कमाण्डेंट जी/231 बटालियन, निरीक्षक व सामान्य ड्यूटी सुशील कुमार ए/231 बटालियन तथा निरीक्षक व सामान्य ड्यूटी प्रणव ज्योति बोराह ई/231 बटालियन द्वारा ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व पर विस्तृत व्याख्यान दिया गया तथा ग्रामीणों को राष्ट्र की एकता व अखण्डता में अपना योगदान देने का आह्वान किया गया।

इस अवसर पर ग्रामीणों को रेडियो सेट का वितरण किया गया तथा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों का स्वास्थ्य चेक कर तथा आवश्यकतानुसार परामर्श व दवाईयां दिया गया। ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया। इस अवसर पर अश्विन सिन्हा थाना प्रभारी पुलिस थाना नेलासनार, कोण्डासावली, बोदली तथा फुन्डरी के सरपंच तथा आस-पास के गांवों के गणमान्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए, जिन्होंने 231 बटालियन द्वारा लगाए गए चिकित्सा शिविर व सिविक एक्सन कार्यक्रम की प्रशंसा की और धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सीआरपीएफ ने संवेदनशील क्षेत्र में लगाया शिविर

# बढ़ रहा है आत्मविश्वास 245 ग्रामीण हुए लाभान्वित







**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा**

कोंटा विकासखंड के सूदूर वनांचल क्षेत्रों में सेवा दे रही सीआरपीएफ ई 50वीं बटालियन ने शनिवार के एलारमडगु द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

प्रोग्राम का आयोजन प्रेमजीत कुमार कमांण्डेन्ट के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशानुसार में किया गया। निरज कुमार द्वितीय कमान अधिकारी परिचालन की देखरेख में एवं गिर्जा प्रसाद मीना सहा. कमा. कि उपस्थिति में आयोजित इस प्रोग्राम में एलारमडगु, मोसलमडगु, बोदराजपदर गांव के नागरिकों को साड़ी स्लीपर लुंगी, टावल, रेन्जर साईकिल, गैंती कृषि उपकरण एल्युमिनियम का पतीला के साथ रोजाना के जीवन में उपयोग होने वाली सामाग्री का वितरण किया गया। साथ ही साथ एलारमडगु मोसलमडगु एवं बोदराजपदर जैसे संवेदनशील क्षेत्र गांव के नागरिकों को बीमारियों से रोकथाम के लिये सावधानी बरतने हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

50वीं वाहिनी केरिपुबल ने ग्रामिणों को यह आश्वासन दिया की भविष्य में गाँव वालों को रेडियों सेट का भी वितरण करेगें। जिसमें गाँव के लोगों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे विकास योजनायों के बारे में जानकारी मिल सके और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भी अपने घर बैठे सुन सके। वाहिनी द्वारा आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम से एलारमडगु, मोसलमडगु एवं बोदराजपदर इलाकों के लगभग 245 ग्रामीण लाभांवित हुये।

कार्यक्रम में ई 50वीं वाहिनी के अधिनस्थ अधिकारी तथा जवान भी उपस्थित रहें। सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे स्पष्ट होता है कि इन इलाकों के ग्रामीणों में सरकार के प्रतिविश्वास बढ़ रहा है।

इस अवसर पर वाहिनी की ओर से स्नेह भोजन का आयोजन किया गया। जिससे यह प्रतीत होता है कि आम नागरिकों एवं सुरक्षा बल के बीच अच्छे सम्बंध व विश्वास स्थापित हो रहे हैं। इस दौरान विकास सम्बंधी किये गये कार्यों से सभी ग्रामीणों मे आशा की नई किरण जागृत हो रही है।

## हर्षोल्लास से मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा**

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय कोंटा के सभागार में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुआ।

इस अवसर पर नगर पंचायत कोंटा की अध्यक्ष मौसम जया, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष जीसाईं रेड्डी, नगर पंचायत कोंटा के पार्षद पी. विजय नायडू, अम्बाटी देवी, शिक्षाविद सीएच राजशेखर, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ जी. गंगाचलम, एम राजबाबू, जेट्टी रामाराव, उदय राज सिंह, जी.वेंकट रमणा रेड्डी, एम बाबूराव, आर मुरली, सेमल नरेश, भाजपा कोंटा मंडल के पदाधिकारी देबाशीष, समीर कीर्तनिया, पुल्ली गोलू, सतीश, पवन सिद्धू एवं भाजपा महिला मोर्चा के पदाधिकारी पी कुमारी, अन्नपूर्णा दुबे, सुनीता, नागमणी, अन्नू बोगम, आशा एवं अभिभावक, शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। अतिथियों ने शिक्षा को जीवन की नींव बताते हुए बच्चों को शिक्षा के महत्व को समझने और उसे अपनाने की प्रेरणा दी और कहा कि शिक्षा ही समाज और व्यक्ति के विकास की असली ताकत है। बच्चों को लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध रहने और शिक्षा से सपनों को साकार करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का पारंपरिक स्वागत कर उन्हें पुस्तके प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका शैलजा ने किया।

## जल्द होगी सूखे पेड़ों की कटाई

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ किरंदुल**



नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह ने बरसात से पूर्व विभिन्न वार्डों का दौरा किया। वार्डों में सूखे पेड़ पाए गए। जो वर्षा ऋतु में तेज हवा के कारण गिर सकते है और जनहानि हो सकती है। सूखे पेड़ की कटाई की जानी है ताकि वार्डवासी वर्षा ऋतु में बिना डर के घरों में सुरक्षित रह सके। पार्षद अमृत टंडन के द्वारा भी पालिका अध्यक्षा को जानकारी दी गई कि उनके वार्ड में भी एक विशालकाए सुखा पेड़ है जिससे कि वार्डवासियों में वर्षा ऋतु में तेज हवा चलने से गिरने का डर बना रहता था तथा इसी प्रकार पार्षद गायत्री साहू, गिरिजा विश्वकर्मा के द्वारा भी सूखे पेड़ कटाई हेतु जानकारी दी गई और साथ ही जनता के द्वारा भी मांग कि गई कि जल्द से जल्द सूखे पेड़ की कटाई की जाए। इस पर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बड़े बचेली वन परिक्षेत्र अधिकारी आशुतोष मांडवा एवं उप वन परिक्षेत्र अधिकारी वीरेंद्र नाग के साथ सूखे पेड़ की कटाई के लिए चर्चा की। इस पर वन विभाग के अधिकारी ने कहा जल्द से जल्द सूखे पेड़ों की कटाई की जावेगी। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशि भूषण महापात्र, पार्षद के. साजी, यशोदा चुन्नम, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह उपस्थित थे।

## धान की पकी फसल की कटाई और नई फसल की तैयारी...



**जगदलपुर।** विकासखंड जगदलपुर के पुसपाल और नानगुर के बीच किसानों ने गर्मी में धान की फसल लगाई है, जो पककर तैयार है। उसकी कटाई के लिए किसान जुटे हैं। वहीं नई फसल लेने के लिए खेतों में बोआई का काम भी चल रहा है। कई जगह अगल-बगल के खेतों में दोनों काम कटाई और बोआई में किसानों को देखा गया। *छाया : सुरेश रावल*

## शिविर में ग्रामीणों का हुआ इलाज व रेडियो सेट बांटे गए

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा**




दीपक कुमार साहू के दिशा निर्देश एवं मौलि मोहन कुमार द्वितीय कमान अधिकारी की उपस्थिति में मेटागुडम क्षेत्र में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया।

जिसमे ग्राम मेटागुडम, इरापल्ली, रसपल्ली एवं बोटेटांग के ग्रामीण कैम्प

- **चिकित्सा अधिकारी 131वीं बटालियन ने ग्रामीणों का किया उपचार**

एफओबी मेटागुड़म पहुंचे। 131 बटालियन के अमित कुमार श्रीवास्तव, आनंद त्रिपाठी सहायक कमांडेंट व टीम के सहयोग से ग्रामीण परिवारों को रेडियो सेट वितरित किए। इस अवसर पर एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. दर्शप्रीत सिंह चिकित्सा अधिकारी 131 बटालियन ने ग्रामीणों को उचित उपचार दिया। जिसमें ग्रामीणों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई, महिलाओं पुरुषों और बच्चों सहित रोगियों का उचित उपचार किया गया और विशेष उपाय के रूप में आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ग्रामीणों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई।यह यूनिट इस आदर्श वाक्य के साथ काम कर रही है कि क्षेत्र के सभी ग्रामीण हमारे परिवार हैं और गांव हमारा घर है। हम सभी ग्रामीणों की मदद और समर्थन के लिए हमेशा तैयार रहेंगे जो हमारे परिवार की तरह हैं। सीआरपीएफ हमेशा विकास कार्य करवाने ग्रामीणों की सुरक्षा करने और उनकी समस्याओं को हल करने के लिए उनके साथ है।

ज्ञात हो कि एफओबी मेटागुडम क्षेत्र के उपरोक्त गांव कभी नक्सलियों का ज्यादा प्रभाव माना जाता रहा है। लेकिन अब यहां लोग मुख्य धारा से जुड़ कर रहना बेहतर समझ रह हैं। सुरक्षाबलों के अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों की बैठक लेकर उन्हें विश्वास दिलाया गया कि सुरक्षाबलों की तैनाती उस गांव के विकास और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए की गयी है।

इसके बाद ग्रामीणों और सुरक्षा बलों के बीच बेहतर संबंध स्थापित हुआ है। उक्त प्रोग्राम के तहत केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना के बारे में भी ग्रामीणों को विस्तृत जानकारी दिया गया और ग्रामीणों को विश्वास दिया गया की सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।

क्षेत्र में सेवा दे रही ए और डी के 131वी बटालियन द्वारा नियमित रूप से दुर्गम स्थान पर मौजूद ग्रामीणों को इसका लाभ व सुविधा दे रही है।

## बाढ़ संकट से निपटने तुंगल डेम पर हुई मॉकड्रिल

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा**





कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर शनिवार शाम को सुकमा में स्थित तुंगल बांध में बाढ़ आपदा राहत दल के जवानों ने जिले में उपलब्ध समस्त बाढ़ राहत सामग्री का परीक्षण एवं मॉक ड्रिल किया। अपर कलेक्टर

- **कलेक्टर पहुंचे निरीक्षण पर देखा नगर सेना का अभ्यास**

गजेन्द्र सिंह ठाकुर, एसडीएम सुभाष शुक्ला ने जिला सेनानी नगर सेना नरसिंह नेताम की उपस्थिति में मॉक ड्रिल का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। कलेक्ट्रेट ने बाढ़ आपदा एवं बचाव की टीम को स्वयं का बचाव करते हुए आपातकालीन सेवा में बेहतर प्रबंधन कर जोखिम में फंसे व्यक्तियों की जान बचाने के लिए हौसला अफजाई की। इस दौरान बचाव दल के जवानों ने आपदा के समय व्यक्ति को पानी के भीतर खोजने, उसे सुरक्षा पूर्वक लाइव बोट तक लाने का ड्रिल प्रस्तुत किया। इसके साथ ही बचाव के दौरान उपयोग होने वाले सभी उपकरणों का डेमो भी किया। जिसमें सही तरीके से लाइफ जैकेट पहनना, डूबते व्यक्ति को तैराक द्वारा बचाए जाना, अंडर वाटर ड्राइविंग कर पानी के भीतर व्यक्तियों को पता लगाना भी ड्रिल किया गया। इसके अलावा जवानों ने परंपरागत तरीके से निर्मित गांव में उपलब्ध सामानों से बचाव के उपकरण तैयार करने एवं बचाने के तरीके भी बताएं जैसे खाली बोतल से तैयार लाइफ जैकेट, थर्माकोल से तैयार लाइफ जैकेट, घरेलू उपयोग में आने वाले डेकची से तैयार लाइफ जैकेट, टीना डब्बे से बनाए गए उपकरण से भी बाढ़ के समय बचा जा सकता है। इस दौरान मोटर बोट, चेन सा, आस्का लाइट, फुल बॉडी हार्नेस, लाइफ ब्वॉय, लाइफ जैकेट, स्ट्रेचर, रस्सी, फर्स्ट एड बॉक्स इत्यादि का प्रदर्शन व उपयोग के तरीके को बताया गया। इसके साथ ही टीमों ने बचाए गए व्यक्ति को प्राथमिक उपचार के तहत सीपीआर और रेस्क्यू ब्रीथ देने के तरीके का लाइव डेमो करके बताया। इसके साथ ही कोई डूब रहा है तो उसे उसके पीछे से किस प्रकार पकड़ के बचाना है इसका भी प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा टीम ने आपदा में काम आने वाले उपकरण लाइफ सेविंग जैकेट, लाइफबॉय के उपयोग के तरीकों के बारे में बताते हुए इसका लाइव प्रदर्शन भी किया।

## बिजली बिल के बोझ को कम करने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ सुकमा**



पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अभियान से ग्रीन एनर्जी मिशन को बढ़ावा देकर पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में मदद होगी साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा करना है। भारत सरकार ने सौर रूफटॉप क्षमता की हिस्सेदारी बढ़ाने और आवासीय घरों को अपनी बिजली पैदा करने के लिए सशक्त बनाने के लिए 29 फरवरी 2024 को मंजूरी दी है। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना केवल घरों को रोशन करने के लिए नहीं है बल्कि यह योजना सूरज की ऊर्जा को अपनाने के तेज और किफ़ायती तरीक़े के बारे में भी है। एक किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये तथा 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी प्रदान की जाएगी। इस योजना से बिजली के बिल में कमी, पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा स्वतंत्रता को बढ़ावा मिलेगा। यह योजना न केवल स्थायी ऊर्जा की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह हमारे पर्यावरण को बचाने की ओर भी एक महत्वपूर्ण प्रयास है। पीएम सूर्य घर मुफ़्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को छत्तीसगढ का मूल निवासी होना आवश्यक है। इस योजना में आवेदक का उम्र 18 वर्ष से अधिक होना चाहिए । योजना का लाभ लेने के लिए मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग को प्राथमिकता दी जाएगी। लोगों को अपनी जमीन या घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए सब्सिडी मुहैया कराती है। इस योजना से लोगों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे किसान और आम लोग अपने घरों के टॉप पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बिल शून्य कर सकते हैं और सरप्लस एनर्जी बेचकर कमाई भी किया जा सकता है।

**खबर संक्षेप**

## गुरु गोविंद सिंह वार्ड में सुनी गई मन की बात



जगदलपुर। गुरु गोविंद सिंह वार्ड मे रविवार को मन की बात प्रभारी उमेश गुप्ता के निवास में अतिथि के रूप में संग्राम सिंह राणा एवं अविनाश सिंह गौतम की उपस्थिति में एवं कार्यक्रम प्रभारी बंटू पांडेय के सहयोग से 123 वां एपिसोड सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में योग दिवस की बात की और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सफलता का जिक्र किया।

प्रधानमंत्री ने कहा तेलंगाना में 3000 दिव्यांग साथियों ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। विशाखापट्टनम में 3 लाख लोगों ने एक साथ योग किया। इमरजेंसी के दौर में लोगों को प्रताड़ित किया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत को ट्रेकोमा मुक्त घोषित कर दिया है। यह सफलता हमारे स्वास्थ्य कर्मियों की है। भारत देश में 95 करोड़ लोग किसी न किसी सरकारी योजनाओं का लाभ उठा रहे हैं। आने वाले समय में भारत और सशक्त होगा।

कार्यक्रम में राजेश कुशवाहा, रोहित सिंह,रेनू गुप्ता, प्रीति वानखेड़े, भगवती साहू, वीरेश गुप्ता, परेश गुप्ता, प्रदीप पाणिग्रही, राकेश झा सहित वार्ड वासी उपस्थित थे।

### यातायात अमले ने बताया सड़क हादसे के कारण व रोकने के उपाय

# एनसीसी कैडेटों को जानकारी देकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



सड़क हादसों में कमी लाने यातायात विभाग द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक ओर जहां चालानी कार्रवाई की जा रही है वहीं दूसरी ओर वाहन चालकों को जागरूक करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

- प्रशिक्षण शिविर में राष्ट्रीय कैडेट कोर की 5 सौ छात्राओं ने नियमों का पालन करने लिया संकल्प

एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन व एएसपी माहेश्वर नाग के पर्यवेक्षण में जिले में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत हायर सेकंडरी स्कूल कन्या शिक्षा परिसर परचनपाल में आयोजित संभाग स्तरीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में मौजूद एनसीसी कैडेटों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई।

ट्रेफिक डीएसपी संतोष जैन व अमले द्वारा कैम्प में मौजूद 5 सौ से अधिक छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय कैडेट कोर की छात्राओं को यातायात से संबंधित नियम की जानकारी देते हुए सड़क दुर्घटना के कारण व रोकथाम के उपाय की जानकारी दी गई। डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसदन नाग, एएसआई राजकुमार आडील व प्रधान आरक्षक प्रकाश देवांगन द्वारा कैडेटों को क्षेत्र में पूर्व में घटित सड़क दुर्घटना के लाईव वीडियो को दिखा कर घटना के कारणों के बारे में समझाया गया। जागरूकता अभियान के दौरान एनसीसी के कैडेटों तथा स्टाफ द्वारा ध्यान पूर्वक सड़क सुरक्षा एवं यातायात से संबंधी बातें को सुना गया तथा सड़क दुर्घटना के संबंधित पूर्व के वीडियो को देखकर दुर्घटनाओं की जानकारी दी गई।

नियमों की जानकारी व दुर्घटनाओं के कारण जानने के बाद कैम्प में मौजूद कैडेटों, शिक्षकों व प्रशिक्षकों ने भविष्य में ट्रैफिक नियमों के प्रति हमेशा सजग रहने संकल्प लिया और साथ ही हमेशा यातायात नियमों का पालन करने व दूसरों को भी जागरूक करने की बात कही।



## मेहंदी लगे अंगुठे को मशीन ने नकारा

### जिन्हें अंगुठे लगाने में दिक्कत आ रही उन्हें मोबाईल में ओटीपी से मिल रहा राशन

जगदलपुर। शहर के महारानी वार्ड के राशन दुकान में रविवार को 3 महिने का एकमुश्त चावल और अन्य सामान उपभोक्ताओं को दिया जा रहा था। दुकान में राशन ले रहे थर्ड जेंडर के हाथ में मेहंदी लगी थी। जिसे मशीन बार बार नकार रहा था। राशन दुकान की महिला संचालिका ने बताया कि मेहंदी लगाने से मशीन स्वीकार नही करता है। वैसे यहां मोबाईल मे ओटीपी आने पर भी राशन दिया जा रहा था। जिन उपभोक्ताओं के अंगुठे को मशीन में बार बार लगाने के बाद भी स्वीकार नही हो रहा था ऐसे लोगों को ओटीपी आने पर राशन दिया गया। बताया गया कि शासन द्वारा राशन की कालाबाजारी रोकने के लिए यह व्यवस्था की गई है। शहरी क्षेत्र में नेटवर्क होने से उपभोक्ताओं को ओटीपी देखकर राशन दिया जा रहा है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में मोबाईल नेटवर्क नही होने से मशीन में बार बार अंगुठा लगाना पड़ रहा है। 6 बार ओके करने के लिए ग्रामीणों को 15 से 20 बार मशीन में अंगुठा लगाने के लिए खड़ा होना पड़ रहा है जिसमें देरी होने पर कई घंटे का समय लग रहा है।

## नगरनार इस्पात संयंत्र की भर्ती प्रक्रिया को महंगे रिसार्ट में रखना अनुचितः मौर्य

जगदलपुर। शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगरनार इस्पात संयंत्र में निकली 900 से अधिक पदों की भर्तियों में स्थानीय बेरोजगारों के साथ अन्याय होने का आरोप लगाया है।



उन्होंने कहा इसके लिए साक्षात्कार राजधानी रायपुर के एक रिसार्ट में रखा गया है इसमें सांसद और विधायक मौन है। उन्हें इस पर बेरोजगारो के हित में बोलना चाहिए।

आज बस्तर के युवा नगरनार इस्पात संयंत्र में निकली भर्तियों में उम्मीद लगाए हैं। बस्तर का लोहा और बस्तर का संसाधन होने के बाद भी युवाओं को रोजगार के लिए भटकना पड़ रहा है। बस्तर में स्टील प्लांट खुलने से सबको उम्मीद है कि यहां कि बेराजगारी की समस्या दूर होगी। लेकिन साक्षात्कार बाहर होना संदेह उत्पन्न करता हैं। उन्होंने कहा भाजपा के लोग हर बात पर डबल इंजन की सरकार की दुहाई देते है। लेकिन बेरोजगारों के हित के लिए उनके नेता मौनी बाबा बने बैठे है।

## भ्रष्टाचार और प्रशासनिक विसंगतियों पर ठेकेदारों में गहरी चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शनिवार को जगदलपुर कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन के बैनर तले स्थानीय शासकीय ठेकेदारों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को अधिक सशक्त बनाना तथा ठेकेदारों के हितों की रक्षा हेतु भावी रणनीति तय करना रहा।

- कांट्रैक्टर्स एसोसिएशन की बैठक में नया पैनल गठित

बैठक में सर्वसम्मति से एसोसिएशन के नये पैनल का गठन किया गया जिनमें संरक्षक अनिल बाफना तथा शंकर लाल गुप्ता अध्यक्ष नवीन सिंह भदोरिया,

उपाध्यक्ष सुमीत कुमार शुक्ला तथा अमन ठाकुर

सचिव जी.डी. अग्रवाल, सहसचिव सतीश रघुवंशी तथा सत्यव्रत कोषाध्यक्ष प्रताप सिंह कुशवाहा, मीडिया प्रभारी सुमित शुक्ला तथा नवीन राय

बैठक में सदस्यों द्वारा निर्माण एजेंसियों और विभागों के बीच व्याप्त भ्रष्टाचार व प्रशासनिक विसंगतियों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। इस संबंध में भविष्य में एक सशक्त आंदोलन की रूपरेखा भी तैयार की गई।

अध्यक्ष ने बताया कि विभागीय उदासीनता एवं अत्यधिक भुगतान विलंब के कारण ठेकेदारों की आर्थिक स्थिति अत्यंत गंभीर होती जा रही है। भुगतान नहीं होने से बाजार में कर्ज की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे ठेकेदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने सभी ठेकेदारों से एकजुट होकर इस मुद्दे पर संगठित संघर्ष की अपील की। इस अवसर पर सभी सदस्यों ने ठेकेदार हित में एसोसिएशन को एक मजबूत मंच बनाने तथा अनियमितताओं के खिलाफ एकजुट होकर आवाज बुलंद करने का संकल्प लिया।

## सुलो ने मुर्गी पालन को व्यवसाय के रूप में अपना कर की आर्थिक उन्नति

जगदलपुर। विकासखंड के ग्राम बाबूसेमरा निवासी सुलो नाग ने एनआरएलएम बिहान के तहत मां वैष्णव देवी समूह से मुर्गी पालन से जुड़े है और देशी ब्रीड की 200 मुर्गी का पालन कर रहे है। सुलो ने मुर्गी पालन को व्यवसाय के रूप में अपना कर आर्थिक उन्नति की है। वे बताती है कि तीन महीने से मुर्गी को प्रति किलो 350 से 400 रुपए की दर से बेची है जिससे 65 हजार रु की आमदनी हुई है जिसमें से खर्चा काट के 35 हजार रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाई है। सुलो नाग ने अपनी कमाई की राशि से मुर्गी शेड, वैक्सीन और चारा की व्यवस्था भी किए है। सुलो नाग की कहानी एक प्रेरणादायक उदाहरण है कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाएं भी अपने आजीविका को बेहतर बनाने के लिए नए अवसरों का लाभ उठा सकती हैं। सुलो ने अपने घर में पूर्व के मुर्गी और बतख पालन का अनुभव के आधार पर इस क्षेत्र में अपनी रुचि को बढ़ाया और स्व सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़कर अपने कौशल को और बेहतर किया।



## गढ़िया शक्ति केन्द्र में ग्रामवासियों ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के लोहण्डीगुड़ा मंडल के गढ़ियाा शक्ति केंद्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को ग्रामवासियों ने सुना। मंगतू कश्यप व गढ़िया सरपंच भरत कश्यप की उपस्थिति में सभी ने ध्यान से सुना। प्रधानमंत्री ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस व आपातकाल का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि आपातकाल लगाने वालों ने संविधान की हत्या की, न्यायपालिका तक को बंधक बनाया,आपातकाल के कठिनतम दौर में लाखों लोगों ने कठोर यातनायें झेली। प्रधानमंत्री ने 3 जुलाई से आरंभ हो रही पावन कैलाश मानसरोवर यात्रा, आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रहे भारत एवं अन्य विषयों पर भी प्रकाश डाला। मन की बात सुनने सावेंद्र सेठिया, निरंजन बघेल, ठीबू कश्यप, ढोलू कश्यप, चेतन ग्वाल, प्रेम कश्यप, भादूराम, चमरू, बैसू, नरसिंह रसिंह, गोपाल, मालिक, जयदेव, गणेश, मंगलदास फुलसिंग एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

# करोड़ों का फिल्टर प्लांट होने के बाद भी गंदा पानी पी रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



नगर पंचायत भोपालपटनम के वार्ड क्रमांक 2, 3 और 9 के रहवासियों ने आज पानी की भीषण समस्या को लेकर नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि विगत 1 से 6 महीनों से इन वार्डों में नलजल योजना के तहत जल आपूर्ति पूरी तरह बंद है, जिससे उन्हें पीने के लिए दूर से गंदा पानी इस्तेमाल करने पर मजबूर होना पड़ रहा है।

- सीएमओ को दिया ज्ञापन कहा जल्द करें समस्या का निराकरण

रालापल्ली नल जल योजना में सरकार के द्वारा करोड़ों रुपए खर्च कर फिल्टर प्लांट खोला गया है जिससे लोगों को शुद्ध जल मिल सके। अधिकारियों के लापरवाही के कारण इनको नहीं मिल पा रही है सही जल आपूर्ति।

ग्रामीणों ने बताया कि कई बार इस संबंध में नगर पंचायत को अवगत कराया गया, परंतु अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकाला गया। इस दौरान महिला, बुजुर्ग और बच्चों को खासकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नियमित जल आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना न पड़े।ज्ञापन सौंपते समय निम्न वार्ड वासी उपस्थित रहे वीजार खान,संदीप अरिगल, एटी रमेश,दुर्गा राव एटला, सत्तार, खान आदि मौजूद रहे। मुख्य कार्य पालन अधिकारी से जब इस संबंध में जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द इस समस्या को दूर कर दिया जाएगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम सुना। बूथवार सुनने मुख्य अतिथि व प्रभारी बनाये गये थे।

- सभी बूथ में पहुंचकर मुख्य अतिथि व प्रभारी ने लोगों के साथ सुना प्रधानमंत्री को

जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नागरिकों के साथ मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। प्रधानमंत्री ने मन की बात में आपातकाल का जिक्र करते हुये कहा कि देश में आपातकाल लगाने वालों ने संविधान की हत्या की, न्यायपालिका तक को बंधक बनाया, आपातकाल के उस कठिनतम दौर में लाखों लोगों ने कठोर यातनायें झेली।



सांसद महेश कश्यप ने घाटकवाली में कार्यकतार्ओं व ग्रामीण जनों के साथ मन की बात कार्यक्रम सुना। शहर के मोतीलाल नेहरू वार्ड में पूर्व विधायक डा. सुभाऊ कश्यप, दलपत सागर वार्ड में छग स्टेट ब्रेवरेज कार्पोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, गांधीनगर वार्ड में विद्याशरण तिवारी,नगरनार मण्डल में सुधीर पाण्डेय सहित सभी बडे नेता व पदाधिकारियों ने अलग अलग बूथों में सामूहिक रूप से मन की बात कार्यक्रम का श्रवण किया। जिनमें योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, बृजेश भदौरिया, विक्रम सिंह यादव, शशिनाथ पाठक, योगेश शुक्ला, संजय चंद्राकर, अतुल सिम्हा, बृजेश शर्मा, सूर्य भूषण सिंह, दिलीप झा शामिल रहे।

# कवियों ने कविता पाठ कर परिचर्चा में इसके महत्ता पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



प्रगतिशील लेखक संघ द्वारा वैचारिकी श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय परिसर के जिला ग्रंथालय में कविता इन दिनों विषय पर परिचर्चा और कविता पाठ किया गया।

समकालीन कविता पर इन दिनों कविता का स्वरूप और सार्थकता आलेख के रूप में आधार वक्तव्य खुदेजा खान ने दिया। उन्होंने समकालीन कविता की विशेषताओं और कमियों का बिंदुवार उल्लेख कहा कि समकालीन कविता का मुख्य स्वर गहरे भावबोध के साथ मानवता और जनपक्षधरता है।

- जिला ग्रंथालय में हुआ प्रगतिशील लेखक संघ का विचार गोष्ठी

मदन आचार्य ने कहा कि कविता में बिम्बों, प्रतीकों का सार्थक प्रयोग और शिल्प मायने रखते हैं। समकालीन कविता समाज सापेक्ष है और सामाजिक सरोकारों को लेकर चलने वाली है।

हिमांशु शेखर झा ने समकालीन कविता में उसके पारंपरिक गठन,गद्यात्मकता और सुस्पष्ट संवेदना का उल्लेख किया।

प्रकाश चंद्र जोशी ने समकालीन कविता में निहित जनवादी राजनीतिक चेतना का उल्लेख किया। सुनील श्रीवास्तव ने कविता में पारंपरिक शिल्प को अधिक संप्रेषणीय कहा। अली एम सैयद ने कविता के विकास की चरणबद्धता का उल्लेख करते कहा कि समकालीन कविता में पारंपरिक शिल्प को लौटाया नहीं जा सकता।

उर्मिला आचार्य ने हायकू, नवगीत, प्रश्नोत्तरी कविताओं को रेखांकित किया और समकालीन कविता में निहित जनपक्षधरता का उल्लेख किया। जगदीश चंद्र दास ने कहा कि कवियों की वैचारिक प्रतिबद्धता और मानवीय संवेदना समकालीन कविता का आधार है।

एम ए रहीम ने कहा कि कविता की सृष्टि आसान नहीं। कविता का जन्म संवेदनशील श्रमशीलता और वैचारिक प्रतिबद्धता से ही होता है।

दीपक थवानी ने कहा कि कविता समाज सापेक्ष होती है और इसका गठन रचनाकार की क्षमता पर निर्भर करता है।

परिचर्चा के बाद विक्रम कुमार सोनी ने स्वरचित कविता उन्हें नहीं है प्रेम, उर्मिला आचार्य ने टहल कदमी, खुदेजा खान ने रोटी और गुलाब, हिमांशु शेखर झा ने तिरिया कविता का पाठ किया। संचालन मदन आचार्य ने और आभार प्रदर्शन जगदीश चंद्र दास ने किया।

इस कार्यक्रम में योगेंद्र सिंह राठौर, अमित बिश्वास भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के आयोजन में लाला जगदलपुरी केन्द्रीय पुस्तकालय के नोडल अधिकारी अखिलेश मिश्रा और प्रभारी अधिकारी सूरज निर्मलकर का विशिष्ट सहयोग रहा।

## आम सूचना

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोनिका हमपाल पति श्री संजीव हमपाल, निवासी-फ्लैट नम्बर 6120 पाकेट सी./06 बसंत कुंज नई दिल्ली के नाम पर एवं मेरे पक्षकार की बहन शुभ्रा प्रकाश पति श्री साकेत प्रकाश, डॉ. शालिनी जौहर पति डॉ. के. आई. जौहर, मेरे पक्षकार के भाई शैलेन्द्र बडेरा पिता स्व. द्वारिका प्रसाद बढेरा, के संयुक्त नाम आधिपत्य में शहर जगदलपुर के प्रतापगंज पारा शीट नं. 93 प्लाट नं. 80 क्षेत्रफल 12786 वर्गफीट व्यवसायिक भवन व मकान राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। उक्त भूमि शहर जगदलपुर के प्रतापगंज पारा में चांदनी चौक के पास स्थित है तथा उक्त भूमि पर निर्मित भवन या व्यवसायिक काम्पलेक्स को बढेरा काम्पलेक्स कहा जाता है। उक्त भूमि एवं उस पर निर्मित भवन पर शैलेन्द्र बडेरा पिता स्व. द्वारिका प्रसाद बढेरा के अलावा मेरे पक्षकार एवं अन्य बहनों का भी अधिकार व आधिपत्य पैतृक संपत्ति होने के नाते है। उक्त भूमि पर सिविल वाद सिविल न्यायालय जगदलपुर में लंबित है। मेरे पक्षकार के भाई शैलेन्द्र बडेरा पिता स्व. द्वारिका प्रसाद बढेरा, उक्त भूमि पर अपने नाम का लाभ लेकर अन्यत्र विक्रय का प्रयास कर रहा है एवं उक्त भूमि पर निर्मित भवन को बिना मेरे पक्षकार एवं मेरे पक्षकार की बहनों की सहमति के बिना किराये पर अवैधानिक रूप से प्रदान कर रहा है तथा बढेरा काम्पलेक्स में निर्मित दुकानो एवं भवन को अवैधानिक रुप से किराये पर प्रदान कर स्वयं किराया की राशि प्राप्त कर रहा है तथा मेरे पक्षकार एवं उनकी बहनो को उनके हिस्से की किराया की राशि प्रदान नही कर रहा है।

उपरोक्तानुसार मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार एंव जानकारी के आधार पर आम जनता को सूचित किया जाता है कि जो किरायेदार उक्त भवन बढेरा काम्पलेक्स में व्यवसायिक कार्य करते हुये किराये की राशि शैलेन्द्र बढेरा को प्रदान कर रहे है। वे किराये की राशि को चार बराबर भाग में विभाजित कर मेरे पक्षकार उनकी बहनो को प्रदान करे अन्यथा मेरा पक्षकार बेदखली हेतु भाड़ा नियंत्रक अधिकारी समक्ष प्रकरण प्रस्तुत करेगा। प्रकरण प्रस्तुत करने की स्थिति में समस्त जबावदारी बढेरा काम्पलेक्स के किरायेदारो की होगी। उपरोक्त भूमि मय भवन के संबंध में कोई भी संविदा, किरायेदारी अनुबंध पत्र, विक्रय पत्र का निष्पादन न करें। यदि संविदा, किरायेदारी अनुबंध पत्र या विक्रय पत्र का निष्पादन किया जाता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व क्रेता एवं किरायेदार का होगा तथा उनकी स्थिति सद्भाविक नहीं होगी।

स्थान :- जगदलपुर
दिनांक :- 28/06/2025

राहुल सिंह
अधिवक्ता




# नशा, दहेज, जात-पात जैसी कुरीतियों से मुक्ति दिलाने बताए गए महाराज के वचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिला बस्तर के तीन जगह पर संत रामपाल महाराज द्वारा लिखी पवित्र पुस्तकों का प्रचार-प्रसार किया गया। बकावंड, बस्तर, एंव शहर के गंगामुंडा में रविवार को शिष्यों द्वारा एक विशेष आध्यात्मिक प्रचार अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को सत्य भक्ति से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना तथा समाज में फैली अंधविश्वास, नशा, दहेज, जात-पात जैसी कुरीतियों से मुक्ति दिलाना रहा।

इस अवसर पर संत रामपाल महाराज द्वारा रचित पुस्तकें ज्ञान गंगा एवं गीता तेरा ज्ञान अमृत भक्ति से भगवान इन पुस्तकों के माध्यम से बताया गया कि वेद, गीता, कुरान, बाइबल और गुरु ग्रंथ साहिब सभी सच्चे ईश्वर और यथार्थ भक्ति की ओर संकेत करते हैं जिसे केवल एक पूर्ण संत ही समझा सकते हैं।

